संख्या-11/2016/400/57-2016-29(जी)ए0/2016

प्रेषक,

श्री नवनीत सहगल,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
उ0 प्र0 पर्यटन निदेशालय,
लखनऊ।

धर्मार्थ कार्य अनुभाग लखनऊ दिनांक: 21 जून, 2016

विषय: भारतीय रेल के आई0आर0सी0टी0सी0 के सहयोग से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क धार्मिक यात्रा कराये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-6/2016/243/57-2015-15(जी)/2016 टी0सी0-। दिनांक-18 अप्रैल, 2016 द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 में आई0आर0सी0टी0सी0 के सहयोग से प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों की नि:शुल्क समाजवादी श्रवण यात्रा कराये जाने हेतु कुल रू0-1,12,50,000/- (रू0- एक करोड बारह लाख पचास हजार मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर रखी गयी थी। इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त क्रम में रू0 9,11,250/- (रू0- नौ लाख ग्यारह हजार दो सौ पचास मात्र) की धनराशि आपके निवर्तन पर रखे जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त स्वीकृति के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-84 के लेखाशीर्षक-2250-अन्य सामाजिक सेवायें-101-धर्मार्थ प्रयोजनों के लिये दान-05- प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा-42-अन्य व्यय के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस संबंध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त धनराशि रू0- 9,11,250/- (रू0- नौ लाख ग्यारह हजार दो सौ पचास मात्र) का भुगतान शासन की विज्ञप्ति संख्या-5/2016/265/2016/57-2016-15(जी)/2016टी0सी0-। दिनांक-31 मार्च, 2016 एवं आई0आर0सी0टी0सी0 के पत्र संख्या- 2016/IRCTC/RO/LKO/ TOUR/UPG, दिनांक- 27-04-2016 के संदर्भ में शिरडी-शनि-सिंगनापुर-त्रयम्बकेश्वर की यात्रा के 81 अतिरिक्त तीर्थ यात्रियों पर हुये व्यय हेतु आई0आर0सी0टी0सी0 के पक्ष में करने का कष्ट करें।

यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22 मार्च, 2016 द्वारा प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

नवनीत सहगल
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या- 11/2016/400(1)/57-2016-29(जी)ए0/2016</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उ0 प्र0, इलाहाबाद।
2- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, उ0 प्र0।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5 उ0 प्र0 शासन।
5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
6- मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, आई0आर0सी0टी0सी0, लखनऊ।
7- सामान्य प्रशासन अनुभाग, उ0 प्र0 शासन।
8- विभागीय आदेश पुस्तिका।
9- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
बराती लाल
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in